आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 21.04.2025   समय : 18.30 पीएम

- अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, परिवार सहित आज जयपुर पहुंचेंगे–ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण और बिजनेस समिट को संबोधित करेंगें
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसेवा दिवस के मौके पर कहा–देश पारदर्शिता और नवाचार में नये मानक स्थापित कर रहा हैं
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आबूरोड़ स्थित शांतिवन से पूर्व सैन्यकर्मियों के सेल्फ एम्पावरमेंट कैम्पेन की शुरूआत कीं
- प्रदेश में खनन योजना के अनुमोदन की प्रक्रिया सहित अन्य काम एक मई से ऑनलाईन होंगें

000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आज रात जयपुर पहुंचेंगें श्री वेंस आज सुबह दिल्ली पहुंचें वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगें जयपुर यात्रा के दौरान उनका परिवार साथ रहेगां इनमें भारतीय मूल की उनकी पत्नी उषा वेंस और तीन बच्चे शामिल हैं इसके साथ ही अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगें उपराष्ट्रपति वेंस तीन दिन जयपुर रुकेंगें उनके जयपुर प्रवास का और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने प्रभावशाली बदलाव देखा हैं उन्होंने कहा कि सरकार समग्र विकास सुनिश्चित कर रही हैं श्री मोदी आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थें प्रधानमंत्री ने कहा कि देश प्रशासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा हैं

..............

अपने संबोधन में श्री मोदी ने तेजी से बदलते समय में वैश्विक चुनौतियों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत पर जोर दियां इस अवसर पर श्री मोदी ने सिविल सेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किएं
लोकसेवा दिवस के अवसर पर जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम रखा गयां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसेवकों को सेवाभाव के साथ काम करना चाहिएं उन्हें अपना दायित्व संवेदनशीलता के साथ पूरा करना चाहिएं

..............

मुख्यमंत्री ने समारोह में उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा और पेंशन विभाग के निदेशक देवराज को सीएम एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित कियां व्यक्तिगत श्रेणी में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी और सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को भी सम्मानित किया गयां

मुख्यमंत्री श्री शर्मा इसके बाद चूरू पहुंचें उन्होंने संकल्प समारोह में शिरकत कीं इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यमुना के पानी को शेखावाटी तक लाने का वादा दोहरायां उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी देने का काम करेगीं इसके बाद मुख्यमंत्री ने झुंझुनूं जिले के मलसीसर पहुंचें उन्होंने कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का निरीक्षण किया और डेम की पानी भंडारण और वितरण व्यवस्था के बारे में जानकारी लीं श्री शर्मा ने गर्मी के मौसम और नहरबंदी के दौरान पीने के पानी की समुचित आपूर्ति के निर्देश दियें मुख्यमंत्री ने सीकर के दांतारामगढ में भी जनसभा को संबोधित कियां

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर दौरे पर रहें उन्होंने फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कीं राष्ट्र निर्माण में व्यापारियों की भूमिका विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री धनखड़ ने कहा कि उद्यमी समुदाय की समाज निर्माण में बड़ी भूमिका हैं

................

उपराष्ट्रपति ने प्रदेश के औद्योगिक विकास पर भी व्यापारियों के साथ चर्चा कीं इस दौरान श्री धनखड़ ने उद्यमियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी विचार–विमर्श कियां कार्यक्रम में उद्योग और व्यापार जगत के प्रतिनिधि शामिल हुएं

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज आबूरोड स्थित शांतिवन से सेना के जवानों के लिए सेल्फ एम्पावरमेंट कैम्पेन की शुरूआत कीं ब्रह्मकुमारी संस्थान के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि सेना की बदौलत देश हमेशा सुरक्षित महसूस करता हैं देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए सैनिकों का मजबूत होना आवश्यक हैं वे घर–परिवार से दूर विपरीत परिस्थितियों में अपने दायित्व को पूरा करते हैं ऐसे में शारीरिक के साथ–साथ मानसिक शक्ति और शांति भी आवश्यक हैं ऐसी परिस्थितियों में स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण अभियान महत्वपूर्ण हैं रक्षामंत्री ने समाज में शांति और सद्भावना का संदेश देने में ब्रह्मकुमारी संस्थान के प्रयासों की सराहना कीं

...............

रक्षामंत्री की मौजूदगी में सेना और ब्रह्मकुमारी संस्थान के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गयें इसके तहत संस्थान का सुरक्षा सेवा प्रभाग देशभर में सेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों और जवानों के लिए हर महीने सेल्फ एम्पावरमेंट प्रोग्राम चलाएगां इसके माध्यम से उन्हें मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगां

000

केन्द्रीय मंत्री और अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने आज खैरथल–तिजारा में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक लीं कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा भी कीं इनमें जिले में जलजीवन मिशन के काम, स्वच्छ भारत मिशन और पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य बिन्दु शामिल रहें

000

प्रदेश में खनन योजना के अनुमोदन की प्रक्रिया सहित अन्य कामों को ऑनलाईन करने का निर्णय लिया गया हैं खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि ये प्रक्रिया 1 मई से ऑनलाइन होगीं इससे खनन क्षेत्र के काम पारदर्शी होंगें उन्होंने बताया कि खनिज विभाग अब ठेकों से जारी होने वाली रसीदें भी ऑनलाइन देगां इससे राजस्व छीजत को प्रभावी तरीके से रोका जा सकेगा और लीजधारकों के समय की भी बचत होगीं श्री रविकान्त ने कहा कि नई व्यवस्था से करीब 30 हजार अप्रधान खनिज लीजधारक और क्वारी लाइसेंसधारक लाभान्वित होंगें

000

प्रदेश में अक्षय तृतीया और पीपलपूर्णिमा के अवसर पर संभावित बाल विवाहों की आशंका को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम रखे जा रहे हैं इनके माध्यम से लोगों को बाल विवाह की रोकथाम में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं इसी कड़ी में आज डीग में जागरुकता रैली निकाली गई महिला और बाल विकास अधिकारी अर्चना पीपल ने बताया कि स्कूलों में भी बच्चों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही हैं

..............

000

और अब एक नजर मौसम परं ताज़ा जानकारी दे रहे हें मेरे सहयोगी सुदर्शन नाहर –

.............

000

भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा क्षेत्र के जंगलों में आज दोपहर भीषण आग लग गई ये आग अरनिया घोड़ा गांव के आस–पास के जंगल में लगीं पुलिस, प्रशासन और वन विभाग की टीमों की ओर से आग पर काबू पाने के प्रयास किये जा रहे हैं

000